तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

कोरबा-कुसमुंडा फोरलेन पर जल्द बिखरेगी दुधिया रोशनी, स्ट्रीट लाइट की टेस्टिंग शुरू



खबर संक्षेप

सहायक परियोजना अधिकारी मोहनीश किये गए भार मुक्त

कोरबा। जिले से तबादला हो चुके और फिर से तबादला किए गए जनपद पंचायत पाली के सीईओ मोहनीश आनंद देवांगन को आखिरकार कोरबा जिले से भारमुक्त कर हटा दिया गया। तबादला के बाद भी वे जिले में ही बने रहना चाहते थे किंतु दो बार के प्रयास के बाद तीसरी बार उनको सफलता हाथ नहीं लगी। बरपाली निवासी लखन गोस्वामी के द्वारा इस संबंध में शासन के आदेश का पालन नहीं किए जाने पर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत कर ध्यान आकर्षण कराया गया था जिस पर संज्ञान लेते हुए अंततः मोहनीश देवांगन को एकतरफा भारमुक्त करने का आदेश छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय,नवा रायपुर द्वारा आदेश जारी कर कहा गया है कि मोहनीश आनंद देवांगन, सहायक परियोजना अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा का स्थानांतरण प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सक्ती के पद पर किया गया था।

भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे विधायक

हरदीबाजार। संगीतमय देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम छिंदपुर में राठौर परिवार के निवास 11 अक्टूबर कलश यात्रा से आरंभ होकर 19 अक्टूबर को हवन, सहस्त्र धारा, पूर्णाहुति,कन्या भोज महा आरती आशीर्वाद पश्चात विश्राम होगा । श्रीमद् देवी भागवत कथा प्रणव महराज अपने मुखारविंद से उपस्थित श्रोताओं को दोपहर 2.30 बजे से देवी इच्छा तक श्रवण कराया जा रहा है । देवी भागवत में आदिशक्ति महामाया की महिमा, सृष्टि की उत्पत्ति और भक्ति -ज्ञान -धर्म का विस्तार पूर्वक महराज जी ने कथा का वर्णन किया । इसे अठारह महापुराणों में से एक बताया । कथा श्रवण करने कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल पहुंचे, साथ में छोटेलाल पटेल, रामसिंह राठौर-श्रीमती रजनी बाई राठौर,हुलेश राठौर,कृष्णानंद राठौर , कुश-शीला राठौर, संजीव-अंजू राठौर सहित रामबिलास कैवर्त और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बिजली से प्रशांति वृद्धाश्रम में संकट, आमरण अनशन की चेतावनी

कोरबा। प्रशांति वृद्धाश्रम भवन की विद्युत आपूर्ति केबल से स्नेह सदन वृद्धाश्रम को दिए गए बिजली कनेक्शन को अलग करने की मांग एक बार फिर उठाई गई है। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष ने समाज कल्याण विभाग, कोरबा के उप संचालक हरीश सक्सेना को पत्र लिखकर 15 दिनों के भीतर कनेक्शन पृथक करने की मांग की है। संस्था ने चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर कानूनी कदम उठाने के साथ धरना-प्रदर्शन, घेराव और आमरण अनशन किया जाएगा।

ट्रांसफॉर्मर की बदहाल स्थिति, कभी भी हो सकती है दुर्घटना

पाली। नगर पंचायत पाली के अटल चौक के सामने लगे बिजली ट्रांसफॉर्मर के आसपास झाड़ियाँ और घास उग आई हैं। मौके की तस्वीरों में ट्रांसफॉर्मर के आसपास गंदगी, बिखरा हुआ मलबा और अव्यवस्थित स्थिति दिखाई दे रही है। इससे क्षेत्र की साफ-सफाई और बिजली उपकरणों के रखरखाव को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे सार्वजनिक स्थान के सामने बिजली ट्रांसफॉर्मर के आसपास झाड़ियों का बढ़ना और सफाई का अभाव चिंता का विषय है। यदि समय पर झाड़ियों की कटाई और आसपास की सफाई नहीं की गई, तो लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बिजली ट्रांसफॉर्मर के आसपास उगी झाड़ियों और बिखरे मलबे को देखते हुए संबंधित विभाग से आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा है। बिजली उपकरणों के आसपास सुरक्षित दूरी बनाए रखना और नियमित निरीक्षण करना भी जरूरी है।

सिरमिना और पसान समितियों में भी रबी की फसल खरीदने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान के अलावा अन्य फसल का रकबा बढ़ाने और किसानों को अन्य फसल से जोड़ने के लिए उनकी खरीदी की भी तैयारी अन्य समितियों में भी चल रही है। वर्तमान में जटगा और पाली समितियों में सरसो, चना सहित अन्य फसल की खरीदी की शुरुआत बीते वर्ष की गई थी। इस वर्ष सिरमिना और पसान में भी खरीदने की तैयारी का प्रस्ताव विभाग के पास लंबित है। स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा।

अलग खबर

बीते दो वर्ष से राज्य शासन के द्वारा किसानों को धान के अलावा अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन राशि को दस हजार से बढ़ाकर 15 हजार किया है। वहीं इनकी खरीदी के लिए भी केन्द्रों की संख्या बढ़ाने की तैयारी हुई है। जिले का पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में अन्य विकास खंड की तुलना में सरसो और चना व अन्य फसल के लिए पहचान बना चुका है। किसानों की संख्या और फसल की आवक को देखते हुए कृषि विभाग ने बीते वर्ष से जटगा और पाली समिति में इसकी शुरुआत ⏭शेष पेज 3 पर

सरसो, अरहर, चना के पाली और जटगा में हो रही है खरीदी

खास बातें

- अन्य फसल का दायरा बढ़ाने विभाग की है योजना
- किसानों को अन्य फसल लेने किया जा रहा है प्रोत्साहित



मार्केट में सरकार दामों में से ज्यादा में बिकती है फसल

समितियों में खरीदी की जाने वाली फसल का समर्थन मूल्य मार्केट मूल्य से कम होने के कारण किसान अपनी फसलों को समितियों में बेचने के बजाय सीधे मार्केट में बेच रहे हैं। बीते वर्ष पाली और जटगा की सहकारी समितियों में कम खरीदी होने का एक बड़ा कारण यही सामने आया था। इस संबंध में प्रगतिशील किसानों का कहना था कि धान की तरह अगर अन्य फसल का समर्थन मूल्य सरकार बढ़ाती है तो उसका लाभ किसानों को मिल सकता है।

50 से अधिक हाथी कटघोरा वन मंडल में कर रहे हैं विचरण, ग्रामीणों की लगातार बढ़ रही है मुश्किलें

हाथियों के बढ़ते उत्पात को लेकर पसान में चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पसान क्षेत्र में पिछले डेढ़ महीने से दर्जनों हाथियों का दल डेरा जमाए हुए है। हाथियों की लगातार मौजूदगी और किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा गुरुवार को सड़क पर उतर आया। हाथियों की समस्या के स्थायी समाधान, फसल नुकसान के मुआवजे और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पसान बस स्टैंड के समीप चक्काजाम कर दिया। लगभग दो घंटे के बाद वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया गया। जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वन मंडल में 50 से अधिक हाथियों का डेरा है। जिसमें से ज्यादातर हाथी पसान रेंज में ही डेरा डाले हैं और जमकर जान माल का नुकसान और खड़ी फसलों को रौंद रहे हैं। जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। वन विभाग महज आश्वासन ही दे रहा है। ग्रामीणों और हाथियों के बढ़ते द्वंद के बीच पसान की पूर्व सरपंच विनीता देवी और महिला नेत्री सरोज अग्रवाल, अवतार सिंह पटेल सिंह, अन्नू कृष्णा यादव, सुरेश अगरिया, बाबूलाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पसान बस स्टैंड पर चक्काजाम कर दिया। करीब 2 घंटे तक चले चक्काजाम से पेंड्रा-कटघोरा मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। अंततः एसडीएम की समझाइश और वन परिक्षेत्र अधिकारी, पसान की ओर से लिखित जवाब मिलने के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले करीब डेढ़ महीने से दर्जनों हाथियों का दल पसान क्षेत्र में मौजूद है। हाथियों के झुंड खेतों में पहुंचकर धान की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरने के साथ उनकी आजीविका पर भी संकट खड़ा हो गया है। हाथियों की आवाजाही के कारण ग्रामीणों को अपने घरों, खेतों और परिवार की सुरक्षा की चिंता सता रही है। कई ग्रामीणों को रातभर जागकर खेतों और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी करनी पड़ रही है। समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने 12 अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पोड़ी उपरोड़ा को मांग पत्र सौंपा था। मांगों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए गुरुवार सुबह ग्रामीण पसान बस स्टैंड पर एकत्र हुए और चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के कारण पेंड्रा-कटघोरा मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई।



चक्काजाम स्थल पर ग्रामीण व अन्य।

स्ट्रीट लाइट, झटका तार व मुआवजा समेत 9 मांगें

पूर्व सरपंच विनीता देवी और महिला नेत्री सरोज अग्रवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने हाथियों से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग उठाई। ग्रामीणों के मांग पत्र में नौ बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग की गई। इनमें प्रत्येक मोहल्ले और पारे में स्ट्रीट लाइट लगाने, हाथियों को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखने के लिए झटका तार की व्यवस्था करने, बेजा कब्जे वाली भूमि पर फसल लगाने वाले प्रभावित किसानों को मुआवजा देने तथा फसल नुकसान होने पर आठ दिन के भीतर मुआवजा भुगतान करने की मांग शामिल है। इसके अलावा, प्रत्येक मोहल्ले में हाथी टीम की उपस्थिति सुनिश्चित करने, एक एकड़ में 15 क्विंटल धान अथवा उसके समतुल्य राशि के आधार पर मुआवजा देने, ग्राम पंचायत द्वारा पहले लगाई गई स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराने और पिछले वर्ष के लंबित मुआवजा प्रकरणों का भुगतान करने की मांग भी रखी गई।

एसडीएम की समझाइश व वन विभाग ने दिया लिखित आश्वासन

सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें समझाइश दी। इसके बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी, पसान की ओर से ग्रामीणों के मांग पत्र के बिंदुओं पर लिखित आश्वासन दिया गया। लिखित आश्वासन में बताया गया कि संबंधित प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजे जा रहे हैं। बजट प्राप्त होने के बाद स्ट्रीट लाइट और झटका तार की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, बिंदु क्रमांक 4 और 5 पर तत्काल कार्रवाई किए जाने की बात कही गई। जवाब में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्तमान में प्रत्येक मोहल्ले में हाथी मित्र उपस्थित हैं।

फुटहामुड़ा पिकनिक स्पाट पर जुआ खेलते 8 आरोपी गिरफ्तार



बाइक के साथ गिरफ्तार जुआ के आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली का पर्व नजदीक आते ही जुआड़ी सक्रिय हो गए हैं और जुए का पड़ सजाने लगे हैं। पिकनिक स्पाट पर जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी। जहां जुआ खेलते हुए 8 आरोपियों पुलिस ने धर दबोचा है। बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम फुटहामुड़ा स्थित पिकनिक स्पॉट के सार्वजनिक स्थान पर कुछ व्यक्ति ताशपत्ती से रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना बालकोनगर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई तथा जुआ खेल रहे 8 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में पोड़ीबहार निवासी विजय कुमार वर्मा, 40 वर्ष, चिमनीभट्टा निवासी हसीम कुरैशी 40 वर्ष, ढोढ़ीपारा निवासी देवेंद्र साहनी उम्र 35 वर्ष, कृष्णानगर निवासी उज्जवल विश्वास उम्र 38 वर्ष, मुड़ापार निवासी धनीराम उम्र 58 वर्ष, रहीस कुरैशी, उम्र 49 वर्ष, आरिफ खान, उम्र 38 वर्ष, बुधवारी निवासी सूरजमल देवांगन शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 14,700 नगद राशि, 7 दोपहिया वाहन, 7 विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन एवं 52 पत्ती ताश एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 3(2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

खास बात

- आरोपियों से 14700 नगद, 7 दोपहिया वाहन व 7 मोबाइल जब्त

लखनपुर के ग्रामीणों ने जर्जर सड़क और प्रदूषण को लेकर चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लखनपुर-सुतर्रा मार्ग की बदहाल स्थिति और सड़क पर उड़ती धूल से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश अब आंदोलन में बदलता नजर आ रहा है। सड़क की मरम्मत और धूल से राहत दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पोड़ी उपरोड़ा, तहसील कार्यालय, पुलिस थाना कटघोरा और लोक निर्माण विभाग कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने 16 अक्टूबर को बंसल पेट्रोल पंप के पास कटघोरा के मुख्य बाईपास मार्ग पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों के अनुसार बंसल पेट्रोल पंप से बगदेवा मोड़ तक सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दिनभर धूल उड़ती रहती है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। धूल और प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता जताई जा रही है। वहीं, खराब सड़क के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित चक्काजाम में लखनपुर के ग्रामीणों के साथ सुतर्रा क्षेत्र के लोग भी शामिल होंगे। उनका कहना है कि सड़क की समस्या को लेकर पहले भी प्रशासन के समक्ष मांग रखी गई थी, लेकिन अपेक्षित राहत नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों की प्रमुख मांग है कि सड़क के गड्ढों की मरम्मत और समतलीकरण कराया जाए तथा धूल पर नियंत्रण के लिए नियमित पानी का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का प्रभावी समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। 16 अक्टूबर को प्रस्तावित चक्काजाम के चलते कटघोरा के मुख्य बाईपास मार्ग पर यातायात प्रभावित होने की आशंका है। अब देखना होगा कि प्रशासन ग्रामीणों की मांगों पर समय रहते क्या कदम उठाता है।

रात की ड्यूटी में डॉक्टर गायब रहे तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के बांकी एवं सुराकछार अस्पताल में रात्रिकालीन चिकित्सा व्यवस्था को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने अब सख्त रुख अपनाया है। नाइट ड्यूटी के दौरान चिकित्सकों की गैरमौजूदगी और ड्यूटी संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने सभी चिकित्सकों के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। नए निर्देश के मुताबिक नाइट ड्यूटी करने वाले डॉक्टरों को निर्धारित ड्यूटी अवधि में अस्पताल परिसर में अनिवार्य रूप से मौजूद रहना होगा।

आंतरिक परिपत्र में कहा गया है कि शिफ्ट समाप्त होने पर चिकित्सक अपनी ड्यूटी छोड़ने से पहले आने वाले डॉक्टर को विधिवत चार्ज सौंपेंगे। चार्ज सौंपे बिना ड्यूटी स्थल से रवाना नहीं होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं आपातकालीन परिस्थिति में बुलाए जाने पर चिकित्सकों को बिना किसी विलंब के तत्काल मरीज के उपचार के लिए उपलब्ध होना होगा। अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि रात्रि में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को तत्काल और उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके, इसके लिए नाइट ड्यूटी व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। ड्यूटी के दौरान चिकित्सक के कार्यस्थल पर उपलब्ध नहीं होने संबंधी शिकायतों को ध्यान में रखते हुए निर्देश जारी किए गए हैं। परिपत्र में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि निर्देशों का पालन नहीं करने, लापरवाही बरतने अथवा बिना सूचना अनुपस्थित रहने के मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने सभी चिकित्सकों को ड्यूटी नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। डॉक्टरों की रात्रिकालीन उपलब्धता को लेकर जारी यह आदेश सीधे तौर पर मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था से जुड़ा है। ऐसे में अब नाइट ड्यूटी के दौरान चिकित्सकों की मौजूदगी और शिफ्ट हैंडओवर व्यवस्था पर अस्पताल प्रशासन की निगरानी बढ़ने की संभावना है।

खास बातें

- एसईसीएल के बांकी सुरकछार अस्पताल में नाइट ड्यूटी को लेकर सख्ती
- सीएमओ ने जारी किया आंतरिक परिपत्र, शिफ्ट खत्म होने तक परिसर में रहना अनिवार्य

अलग-अलग क्षेत्रों में घंटों विद्युत बाधित कर किया जा रहा है रखरखाव

दीपावली पर्व से पहले विद्युत विभाग ने शुरू किया मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपोत्सव नजदीक आते ही विद्युत विभाग ने भी दीपोत्सव की तैयारी शुरू कर दी है। दीपावली के दौरान विद्युत व्यवस्था में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्र में मेंटनेंस का काम शुरू कर दिया गया है। लगभग 15 दिनों तक चलने वाली इस मेंटनेंस में शहर के तीनों जोन में काम किया जा रहा है, ताकि दीपोत्सव के दौरान क्षेत्र की जनता को बेहतर विद्युत आपूर्ति की जा सके।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (नगर) संभाग कोरबा के अंतर्गत तुलसीनगर, पाड़ीमार और दर्री जोन के अंतर्गत दीपावली से पहले विद्युत व्यवस्था का रख-रखाव कार्य कर रही है। इस वजह से विभिन्न तिथियों में अलग-अलग क्षेत्रों में निर्धारित समय पर बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। जिसमें सुबह 7 बजे से 12 बजे तक शेड्यूल तैयार किया गया है। विभाग ने शहर में काम भी शुरू कर दिया है। 28 अक्टूबर तक अलग-अलग क्षेत्रों में काम किया जाएगा। 16 अक्टूबर को 33 के.वी. लाइन दर्री 02 फीडर के अंतर्गत एच.टी.पी.पी. उपकेन्द्र एवं आसपास का क्षेत्र, 18 अक्टूबर को निहारिका उपकेन्द्र, कोसाबाड़ी उपकेन्द्र एवं आसपास का क्षेत्र, 19 अक्टूबर को इन्द्रा नगर उपकेन्द्र, भैरोताल उपकेन्द्र एवं आसपास का क्षेत्र, 22 अक्टूबर गेवरा रेलवे स्टेशन, एस.सी.बी. इंडिया लिमिटेड एवं आसपास का क्षेत्र, 23 अक्टूबर को इन्द्रा नगर उपकेन्द्र, बांकीमोंगरा उपकेन्द्र एवं आसपास का क्षेत्र, 24 अक्टूबर को ई.एस.आई.सी. हॉस्पिटल, इरिकेशन उपकेन्द्र, बाल्को उपकेन्द्र, हाउसिंग बोर्ड उपकेन्द्र एवं आसपास का क्षेत्र, 26 अक्टूबर को इंडस्ट्रियल उपकेन्द्र, सर्वमंगला गैसेस, शिया इण्डस्ट्री आर.आर. फिरो एवं आसपास का क्षेत्र, 27 अक्टूबर को नेहरू नगर उपकेन्द्र, संजय नगर उपकेन्द्र, ईमली दुग्गु उपकेन्द्र एवं आसपास का क्षेत्र एवं 28 अक्टूबर को आई.ओ.सी.एल. प्लांट एवं आसपास के क्षेत्र में मेंटनेंस किया जाएगा।



कैशलेस स्वास्थ्य योजना में विकल्प बदलने वालों के वेतन से होगी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के तहत माह अक्टूबर में विकल्प अथवा पारिवारिक विवरण में परिवर्तन करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन में आवश्यक बदलाव किया जाएगा। इस संबंध में कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) कार्यालय, रायपुर से संबंधित कार्यालयों को निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी पत्र के अनुसार डीएसपीएम, एचटीपीएस कोरबा पश्चिम और मड़वा ताप विद्युत गृह सहित संबंधित कार्यालयों में कार्यरत जिन अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वास्थ्य योजना में अपने विकल्प में परिवर्तन किया है, उनके वेतन से संलग्न सूची के अनुसार अंशदान की कटौती शुरू अथवा बंद करना सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित कार्यालयों को कार्रवाई के बाद इसकी जानकारी मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा जमा किए गए घोषणा पत्रों को उनकी सेवा पुस्तिका के साथ व्यक्तिगत नस्ती में सुरक्षित रखा जाए। यह निर्देश अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना में कर्मचारियों के बदले हुए पारिवारिक विवरण और विकल्प के आधार पर वेतन से होने वाली कटौती को अद्यतन करने के लिए जारी किया गया है।

सेलिब्रेशन / शिखर चंद जैन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि अगले सप्ताह दशहरा पर्व मनाया जाएगा। तुम भी अपने पैरेंट्स के साथ आस-पास लगने वाले दशहरे मेले को एंज्वॉय करने के लिए एक्साइटेड होगे। क्या तुम जानते हो कि अपने देश के विभिन्न प्रदेशों में दशहरा अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है? देश के कुछ अनोखे दशहरा सेलिब्रेशंस के बारे में जानकर, तुम 'वाओ' किए बिना नहीं रह पाओगे।

विभिन्न जगहों पर दिखते हैं दशहरे के अलग-अलग रंग

बोम्माई गोलू-गुड़िया का त्योहार तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश



दक्षिण भारत के तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों में दशहरे के अवसर पर 'बोम्माइ गोलू' या गुड़िया का त्योहार मनाया जाता है। इसके लिए लोग अपने घरों में लकड़ी की 3, 5, 7 या 9 सीढ़ीनुमा रैक बनाते हैं। इन पर देवी-देवताओं, इंसानों, जानवरों, फलों और सब्जियों के आकार की मिट्टी की सुंदर गुड़िया सजाई जाती हैं। ये गुड़िया रामायण, महाभारत, पौराणिक और पंचतंत्र की कहानियों को दर्शाती हैं। सभी बच्चे अपने दोस्तों को अपने घर का 'गोलू' देखने के लिए बुलाते हैं। इस अवसर पर घर आए मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाई सुंडल परोसी जाती है। *



हाथियों की राजसी शोभायात्रा कर्नाटक

कर्नाटक के मैसूर का दशहरा इतना भव्य होता है कि इसे देखने दुनिया भर से लोग आते हैं। दशहरे के दौरान मैसूर के विशाल महल को करीब 1 लाख बल्बों से सजाया जाता है। रात में यह महल सोने की तरह चमकता है, मानो कोई परीकथा का महल हो! इस त्योहार का सबसे शानदार हिस्सा होता है 'जंबो सवारी', इसमें सजे-धजे हाथियों का एक बड़ा जुलूस निकलता है। सबसे आगे चलने वाले हाथी की पीठ पर सोने का एक भारी हौदा रखा जाता है, जिसमें देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति रखी जाती है। जब यह जुलूस निकलता है, तो पूरे सम्मान के साथ तोपों से सलामी दी जाती है और शानदार बैंड बजता है। मैसूर में दशहरा का यह भव्य आयोजन देखकर तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे तुम किसी राजा-महाराजा के जमाने में पहुंच गए हो। *

कुल्लू का भव्य दशहरा हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रावण, कुंभकर्ण या मेघनाद का पुतला नहीं जलाया जाता। यहां के लोग सुंदर और सजे-धजे देवी-देवताओं की मूर्तियों को लकड़ी की पालकियों या रत्नों से सजे रथों में बिठाकर लाते हैं। इनकी भव्यता देखकर ऐसा लगता है जैसे देवी-देवता आसमान से उतरकर हमसे मिलने आए हों! कुल्लू के विशाल मैदान में यह मेला पूरे सात दिनों तक चलता है। हर तरफ सुंदर संगीत, पहाड़ी डांस और रंग-बिरंगे कपड़े पहने लोग दिखाई देते हैं। दशहरे के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है! *



75 दिनों तक मनाया जाने वाला दशहरा छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के बस्तर में दशहरा पर्व पूरे 75 दिनों तक मनाया जाता है। यह दुनिया में सबसे लंबे समय तक मनाया जाने वाला त्योहार है। यहां दशहरे पर प्रकृति और देवी की पूजा की जाती है। यहां रावण को नहीं जलाया जाता। बस्तर के आदिवासी लोग दशहरे के दौरान अपनी कुलदेवी 'माई दंतेश्वरी' की पूजा करते हैं। वे जंगलों, पेड़ों और प्रकृति का शुक्रिया अदा करते हैं। इस त्योहार में लोग जंगल से विशाल लकड़ियां लाते हैं और बिना किसी कील के एक बहुत बड़ा रथ बनाते हैं। इस रथ को खींचने में सैकड़ों लोग एक साथ जुटते हैं। *

डांडिया और गरबा की धूम गुजरात

गुजरात में दशहरे का जश्न नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान यहां बच्चे, बूढ़े और जवान सभी रंग-बिरंगे पारंपरिक ड्रेस में सजते हैं। लड़कियां चनिया-चोली पहनती हैं और लड़के केडियू पहनते हैं। मिट्टी के एक सुंदर दीये, जिसे गरबो कहते हैं, के चारों ओर घूमकर सब लोग एक ही ताल में गरबा और डांडिया डांस करते हैं। दशहरे के ठीक अगले दिन सुबह गुजरात में हर घर और दुकान पर लोग गरमा-गरम फाफड़ा (एक नमकीन स्नैक) और रसदार जलेबी का मजा लेते हैं। *



रमन ने दशहरे पर रावण का जो पुतला बनाया, वह एकाएक बोलने लगा। पुतले ने कई ऐसे सवाल पूछ लिए, जिससे रमन बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो गया। सभी बच्चों को जागरूक करने वाली कहानी।

नींद खुली



छोटी कहानी

डॉ. दर्शन सिंह 'आशट'

रमन गहरी नींद में सो रहा था। पांच घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, रमन और उसके दोस्तों ने दशहरे के लिए रावण का पुतला तैयार किया और उसे एक खुली जगह पर स्थापित कर दिया। अचानक रमन को लगा, जैसे पुतला जीवित हो गया है, वह बुला रहा है, 'रमन!'

रमन हैरान था। उसने पुतले से पूछा, 'तुम्हें कैसे पता चला कि मेरा नाम रमन है?' पुतला बोला, 'तुम्हारे सारे दोस्त तुम्हें 'रमन-रमन' कहकर बुलाते हैं। मैं इस वक्त तुम्हारी आवाज सुन रहा हूं। क्या तुम मेरी आवाज सुन रहे हो? मेरे कुछ सवालों के जवाब दे सकते हो?'

रमन ने कहा, 'जरूर, पूछो।'


पुतले ने पहला सवाल किया, 'दशहरा क्यों मनाया जाता है?'

'हम बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाते हैं।' रमन ने जवाब दिया।

पुतले ने अगला सवाल किया, 'क्या मेरे पुतले को जलाने से बुराई खत्म हो जाएगी?' पुतले के इस सवाल पर रमन चुप हो गया। पुतला बोला, 'रमन, क्या तुम्हें पता है कि तुम भी बुराई फैलाने वालों में से एक हो...?' रमन चौंका, 'मैं.. मैं..? मैं कैसे बुराई फैला रहा हूं?' 'क्या तुम इंसानी जान को खतरे में नहीं डाल रहे हो? जरा सोचो...।' यह कहकर रावण का पुतला स्थिर हो गया।

रमन घर आया। उसने अपनी मां को सारी बात बताई। मां बोलीं, 'रावण का पुतला सच कह रहा था।' रमन थोड़ा उदास हुआ। उसे लगा कि मां भी रावण के पुतले वाली बात का समर्थन कर रही हैं। रमन की तरफ देखते हुए मां ने पूछा, 'तुमने और तुम्हारे दोस्तों ने रावण के पुतले में जितने बम-पटाखे लगाए हैं। जब वे चलेंगे, तो क्या उनसे निकलने वाला जहरीला धुआं प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाएगा? क्या इससे पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा?' रमन चुपचाप मां की बातें सुन रहा था।

मां ने रमन को समझाया, 'आकाश में ओजोन नामक गैस की एक परत मौजूद है, जो हमें सूर्य की पराबैंगनी किरणों के खतरनाक प्रभावों से बचाती है। यह परत एक मजबूत छतरी की तरह हमेशा हमारी रक्षा करती है। जब हमारे द्वारा उत्पन्न ऐसा जहरीला धुआं आकाश में जाता है, जिसमें कार्बन मौजूद होता है तो ओजोन परत कमजोर होकर फटने लगती है। जितना जहरीला धुआं ऊपर जाएगा, ओजोन परत में छेद उतने ही गहरे होते जाएंगे।'



इलाई स्क्रीन

'तो फिर जब हम इतने सारे बम-पटाखे लाए हैं, उनका जहरीला धुआं भी ऊपर जाकर ओजोन परत को भी प्रभावित करेगा।' रमन बोला। 'बिलकुल सही बेटा! जैसे तुम और तुम्हारे दोस्त हर गली-मोहल्ले में तीन-तीन पुतले बनाकर उनमें बड़े-बड़े बम-पटाखे फिट कर रहे हो, जब वे जलेंगे, तो पर्यावरण प्रदूषित होगा ही! कितने ही लोग इस वजह से सांस की बीमारियों से जूझ रहे हैं।' मां ने विस्तार से रमन को बताया।

रमन देर तक मां की बताई बातों के बारे में सोचता रहा। तभी उसके मन के किसी कोने से आवाज आई, 'रावण का पुतला शायद सही कह रहा था।'

तभी रमन का सपना टूट गया था। उसकी नींद खुल चुकी थी। दशहरा का खुशनुमा त्योहार उसका स्वागत कर रहा था। *

कविता / शिवचरण चौहान

प्यारा दशहरा

है दशहरा पर्व प्यारा।
राम जीते हैं समर में
और रावण गया मारा।।
राम मर्यादा पुरुष थे
कर्म उनके सभी पावन।
किंतु अमर्यादित था रावण
कर्म करता था अपावन।
था दशानन अत्याचारी
कांपता संसार सारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
राम की सीता चुरा कर
ले गया था अपनी लंका।
हर कोई डरता था उससे
बज रहा रावण का डंका।
राम ने लंका में चढ़ कर
युद्ध में रावण को मारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।
सत्य जीता, झूठ हारा
मिट गई है सारी शंका।
झूठ की, अन्याय की
जल कर हुई है राख लंका।
हम मनाते विजय दशमी
अब तलक यह पर्व प्यारा।।
है दशहरा पर्व प्यारा।।



इलाई स्क्रीन

हंसगुल्ले



चिंटू : दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
मिंटू: जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।
-अभिषेक, रायपुर

सोनी : पापा, मुझे कंप्यूटर सीखना है।
पापा : चलो, पहले माउस पकड़ना सीखो।
सोनी : लेकिन माउस तो बिल्ली पकड़ती है!
-खुशी, महेंदगढ़

गप्पा : आज टीवी पर एक फॉरेस्ट शो में 10 फीट का भालू देखने को मिलेगा, लेकिन मैं नहीं देख पाऊंगा।
गोलू : क्यों?
गप्पा(हंसते हुए) : क्योंकि मेरा टीवी केवल 31 इंच का है ना!
-प्रियंका, रोहतक

जीके क्विज-227

1. वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार किसे प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. साहित्य के लिए 2026 का नोबेल पुरस्कार किसे दिया जाएगा?
3. किस राज्य में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को हाल में चीता आवास घोषित किया गया है?
4. भारतीय वायुसेना का 29वां प्रमुख हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
5. अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद कौन-सा धर्म अपनाया?
6. फुटबॉल की एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
7. 'पंचतंत्र' के लेखक कौन हैं?
8. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
9. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
10. ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-227 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-226 का उत्तर : 1. 85 पदक, 2. ट्रैप शूटिंग, 3. चौथा स्थान, 4. दोहा (कतर), 5. 10 अक्टूबर, 6. येन, 7. ओटावा, 8. प्रकाश संश्लेषण, 9. कौटिल्य, 10. राष्ट्रपति

जीके क्विज-226 का सही उत्तर देने वाले : स्वाति-राजनांदगांव, मौसम-कांकेर, सुमन-बिलासपुर, हर्षित-रायपुर, ज्ञानेश-महासमुंद, रुचि-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, अंशु-कांकेर, सचिन-बालोद, कुसुम-रायगढ़, प्रिया-दुर्ग



कहानी

सुमन बाजपेयी

दशहरे में अभी कुछ ही दिन बाकी थे। स्कूल के सभागार में रंगीन कागज, गोंद और पेंट बिखरे हुए थे। रमा मैडम ने बच्चों को बताया, 'इस बार हमारी प्रदर्शनी का विषय है- रावण के दस सिर। लेकिन सिर्फ अहंकार और क्रोध लिखकर काम नहीं चलेगा। सोचो, आज के समय में रावण किन बुराइयों के रूप में हमारे आस-पास दिखाई देता है?'

आदित्य काफी देर तक कागज पर कुछ लिखता रहा। फिर उसने दस शब्द लिखे- झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। रमा मैडम ने आखिरी शब्द पर अंगुली रखी, आदित्य से पूछा,'चुप्पी भी..?' 'जब लोग गलत बात देखकर भी चुप रहते हैं, तो गलत बात को मजबूती मिलती है न!' आदित्य ने स्पष्ट किया। मैडम ने उसकी ओर देखा और सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल..।'

आदित्य ने दस मुखौटे बनाने शुरू कर दिए। वह इस काम में लगा ही था कि उसकी नजर स्कूल के पीछे के मैदान पर पड़ी। चारों ओर लोहे की चादरें लगाई जा रही थीं। वह मैदान वर्षों से बच्चों के खेलने की जगह था। अब वहां एक बोर्ड लगा था- 'यहां आधुनिक मनोरंजन केंद्र बनेगा।' अगले दिन आदित्य ने स्पोर्ट्स टीचर से पूछा, 'सर, क्या हमारे खेलने के लिए अब मैदान नहीं रहेगा?' 'हमें बताया गया है कि बच्चों के खेलने के लिए दूसरी जगह बना दी जाएगी।' स्पोर्ट्स टीचर ने बताया। 'कहां?' आदित्य ने फिर पूछा।

स्पोर्ट्स टीचर के पास इसका कोई जवाब नहीं था। आदित्य को बात खटक गई। उसने अपने दोस्तों सिया और नमन के साथ पुराने अखबार और स्कूल की लाइब्रेरी के पेपर देखने शुरू किए। उन्हें तीन-चार साल पुरानी एक खबर मिली, जिसमें लिखा था, 'यह जमीन बच्चों के खेल मैदान के लिए सुरक्षित की गई है।'

'तो फिर इसे किसी और काम के लिए कैसे दिया जा सकता है?' सिया ने पूछा। तीनों ने इधर-उधर से नगर के पुराने रिकॉर्ड तलाशे। कुछ दिन बाद उन्हें एक दस्तावेज मिला, जिसमें लिखा था कि मैदान का उपयोग बदलने की अनुमति एक विशेष बैठक में दी गई थी। लेकिन उस तारीख की बैठक का कोई रिकॉर्ड कहीं नहीं मिला।

' यह पेपर गलत हो सकता है।' आदित्य बोला। 'और जिसे जमीन चाहिए, वही इस दशहरे का मुख्य प्रायोजक भी है।' सिया ने धीरे से कहा।

उस व्यक्ति का नाम रजत कुमार मल्होत्रा था। शहर में उसकी बड़ी प्रतिष्ठा थी। वह स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार देने के लिए बड़ी राशि देता था। गरीब बच्चों को किताबें बांटता था। हर साल दशहरा समारोह में सबसे ज्यादा पैसा देता था। नमन बोला, 'इतना अच्छा आदमी गलत काम करेगा, यह मानना मुश्किल है।' 'अच्छा दिखना और हमेशा सही होना एक बात नहीं है।' आदित्य नमन की तरफ देखते हुए बोला।

दशहरे की शाम पूरा शहर मैदान में जमा था। रावण का विशाल पुतला खड़ा था। मंच पर रजत कुमार मल्होत्रा बैठे थे। उन्होंने माइक पर जोरदार शब्दों में बहुत सारी बातें कीं। अंत में बोले, 'दशहरा हमें सिखाता है कि अंत में सत्य की ही जीत होती है।' तालियां गूंज उठीं। आदित्य मंच के पीछे खड़ा था। उसके हाथ में वे पेपर थे, जो उसने कई दिनों से संभालकर रखे थे। वह जानता था कि इतने लोगों के सामने बोलना आसान नहीं होगा। एक पल को उसे डर लगा। फिर उसकी नजर अपने बनाए दस मुखौटों पर पड़ी। उसे दसवां मुखौटा याद आया- चुप्पी। चुप्पी को कमजोरी बनने देने से अच्छा है उसे तोड़ दिया जाए। वह माइक के पास गया, 'मैं कुछ कहना चाहता हूं।' दर्शक कौतुहल से उसकी ओर देखने लगे। 'हमारे स्कूल के पीछे का मैदान बच्चों के लिए सुरक्षित था। फिर उसे बनाने के लिए कागज बदले गए। जिस बैठक का जिक्र इन पेपरों में है, वह हुई ही नहीं।' आदित्य ने पूरे आत्मविश्वास से माइक पर अपनी बात लोगों के सामने रखी। रजत कुमार मल्होत्रा तुरंत खड़े हो गए, 'बच्चे को पूरी जानकारी नहीं है।'

सिया आगे आई, 'हमारे पास पुराने रिकॉर्ड हैं।' नमन ने बैठक रजिस्टर की तस्वीर सबको दिखाई। नगर परिषद का एक अधिकारी भी वहीं मौजूद था। उसने दोनों कागज देखे और बोला, 'मामला गंभीर है। जांच होने तक निर्माण रोका जाएगा।' भीड़ में फुसफुसाहट फैल गई। रजत कुमार मल्होत्रा चुप खड़े रहे।

उसी समय रावण के पुतले में आग लगा दी गई। एक-एक करके उसके सिर जलने लगे। रमा मैडम ने आदित्य से कहा, 'अब बताओ, तुम्हारे बनाए रावण के दस मुखौटों में सबसे खतरनाक कौन-सा था?' आदित्य जलते रावण को देखकर बोला, 'चुप्पी, क्योंकि झूठ और अन्याय तभी टिकते हैं, जब सच जानने वाले लोग भी चुप रहें।' कुछ दिनों बाद जांच में दस्तावेजों की गड़बड़ी सामने आई और मैदान बच गया। बच्चों ने अपने मुखौटे स्कूल की प्रदर्शनी में लगा दिए। लोग आदित्य के बनाए मुखौटे बहुत ध्यान से देख रहे थे। झूठ, लालच, डर, स्वार्थ, अफवाह, छल, अन्याय, चापलूसी, घमंड और चुप्पी। सबसे नीचे आदित्य ने लिखा था, 'रावण हर साल जलता है, लेकिन उसके मुखौटे हमारे आस-पास फिर दिखाई दे सकते हैं। उन्हें पहचानना और सत्य के साथ खड़ा होना ही असली विजय है। चुप्पी तोड़ें!' *

आदित्य ने दशहरे के मौके पर रावण के जो दस मुखौटे बनाए, उनमें एक मुखौटा चुप्पी भी बनाया। आदित्य का कहना था कि किसी गलत बात के लिए चुप्पी साधे रहना एक बड़ी बुराई है। आदित्य ने सिर्फ मुखौटा ही नहीं बनाया, अपने दोस्तों के साथ एक गलत बात का विरोध कर कथनी को करनी में बदलने का साहस भी दिखाया।

चुप्पी तोड़ें !



इलाई स्क्रीन

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रहस्य-रोमांच से भरा उपन्यास

बच्चो, जरा सोचो अगर तुम अचानक किसी ऐसी जगह पर पहुंच जाओ, जहां पेड़ पहियों पर खड़े हों, उन पर रंग-बिरंगे, लंबे, गोल, चपटे फल लगे हों, टोपी लगाए हुए प्यारे पक्षी हों, दूधिया झाग वाला झरना हो और छातेनुमा फूल हों तो कैसा लगेगा? तुम कहोगे, ऐसी जगह तो कमाल की होगी! हाल में छपकर आए बाल उपन्यास 'पहिया ग्रह' को पढ़ते हुए तुम ऐसे ही एक काल्पनिक ग्रह का अनुभव करोगे। लेखिका उषा सोमानी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास की मुख्य पात्र एक प्यारी सी बच्ची वैशाली है, जो बर्फ से ढंकी पहाड़ियों के बीच स्थित एक गांव में रहती है। एक बार मां के कहने पर वह जंगल में लकड़ियां लेने जाती है और तूफान से बचने के लिए एक गुफा में शरण लेती है। वहां से वह एक ऐसे अनजाने पहिया ग्रह में पहुंच जाती है, जिसकी कभी उसने कल्पना भी नहीं की थी। वहां उसे सब कुछ बहुत अद्भुत नजर आता है। कुछ मुश्किलें भी उसके सामने आती हैं लेकिन वह हिम्मत नहीं हारती है। वहां उसकी मुलाकात अजीबो-गरीब चीजों के अलावा रोबोट जैसे दिखने वाले वैज्ञानिक चक्रधर से होती है। उसे पता चलता है कि प्रदूषण कैसे आने वाले समय में पृथ्वी के लिए बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इसके बाद क्या होता है, वैशाली वापस अपने गांव कैसे लौटती है, पृथ्वी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बनाती है? यह सब जानने के लिए तुम्हें रहस्य और रोमांच से भरी यह किताब पढ़नी होगी। *



किताब: पहिया ग्रह (बाल उपन्यास), **लेखिका:** उषा सोमानी, **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली

अंतर बताओ


बच्चो, यहां राम और रावण के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1. राम के हाथ में बाण नहीं है। 2. राम के दाहिने हाथ में बाणपूंज नहीं है। 3. रावण के दो सिर कम हैं। 4. रावण के पसीना की रेखा बदली हुई है। 5. रावण के हाथ में पकड़े शस्त्र का आकार छोटा है।

परछाई पहचानो

बच्चो, यहां रावण के पुतले का एक चित्र दिया गया है, उसके बगल में चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



उत्तर: B

खबर संक्षेप



आरएसएफआई एवं एन्ड्योरेंस चैम्पियनशिप में बालको के स्केटर्स का शानदार प्रदर्शन

कोरबा। रायपुर के कृष्णा पब्लिक स्कूल (सरोना) मे आयोजित आरएसएफआई एवं ब्रम्हविद द ग्लोबल स्कूल में आयोजित छत्तीसगढ़ एन्ड्योरेंस चैम्पियनशिप में बालको नगर के प्रतिभावान स्केटर्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में हमारे खिलाड़ियों ने कुल 15 पदक अर्जित किए और ऑल इंडिया एन्ड्योरेंस एवं आरएसएफआई नेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयनित हुए हैं। पदक विजेता खिलाड़ियों में प्रनिशा सिंह चंदेल इनलाइन स्केटर, हंसित शांडिल्य क्वाड स्केटर, ओमिशा सिंह चंदेल क्वाड स्केटर, अमोहा अरविन्धा क्वाड स्केटर, मृदुल सारस्वत क्वाड स्केटर, रियांश साहू क्वाड स्केटर, स्तुति कंवर रिक्रिएशन इनलाइन स्केटर, अमायरा खुल्लर इनलाइन स्केटर शामिल हैं। सभी चयनित खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर कोरबा एवं छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में झांकी कार्यक्रम संपन्न



हरदीबाजार। मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल में नवरात्रि के पावन पर्व पर तीसरे दिन श्री राम जस झांकी समिति बिटकुला के द्वारा विशेष झांकी के रूप में शिव पार्वती विवाह, शबरी नरसिंह अवतार, कृष्ण सुदामा मित्रता एवं मां काली का रौद्र रुप की झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी कार्यक्रम का श्रद्धालुओं ने काफी आनंद लिया व प्रशंसा की। इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर,सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, आचार्य हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव,दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर, तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर,जयप्रकाश राठौर, वीरेंद्र पटेल, डॉ गणेश प्रभुवा, यशवंत राठौर, ब्यास राठौर,आशीष अग्रवाल, कमल श्रीवास, यदुराज राठौर, देवेश शर्मा,राजू गुप्ता,बंटी राठौर, पंडा रमेश दास महंत,आनंद सिंह, महावीर डिक्सेना,हेम साहू, नवल राठौर,रामलाल प्रजापति,यक्ष आदित्य, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय,किशोर यादव के अलावा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

तीसरे दिन बहु मंजिला इमारतों पर हुई कार्रवाई

अंबिकापुर। बांकी नहर पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही। तीसरे दिन बड़ी बिल्डिंगों के कब्जे को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान विरोध की स्थिति भी निर्मित हुई। इस दौरान प्रशासन ने अतिक्रमण वाले हिस्से पर बुलडोजर चलाने के बाद उन्हें खुद से शेष अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी। बता दें कि शहर के दरिमा चौक से खरसिया चौक के बीच बांकी नहर के रूट कैनाल पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के तहत 27 अतिक्रमण कारियों को नोटिस दिया गया था और दो दिनों में 23 अतिक्रमण हटाए गए जबकि तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जल संसाधन विभाग के ईई अशोक निरंजन के निर्देश पर टीम ने गुरुवार को नहर की जमीन पर बनी बहु मंजिला इमारतों पर कार्रवाई की।

पृष्ठ 1 का शेष

सिरमिना और पसान...

की थी। हालांकि पहला वर्ष होने के कारण ज्यादा खरीदी नहीं हो सकी। लेकिन विभाग के द्वारा खरीदी केन्द्रों के दायरे को बढ़ाते हुए सिरमिना और पसान जैसे क्षेत्रों में भी इनकी खरीदी का प्रस्ताव तैयार किया है। जिससे किसान दलहन, तिलहन, सरसो, चना जैसी फसल के उत्पादन में सीधे जुड़ सकें। विभाग के द्वारा इसके लिए तैयार प्रस्ताव को स्वीकृति हेतु राज्य शासन को भी भेजा जाएगा। हालांकि करतला विकास खंड में भी धान के अलावा अन्य फसल का रकबा बढ़ाया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में अन्य फसल का रकबा बढ़ रहा है उनमें सुखरीकला, उमरेली चांपा जिले की सीमा से लगे हुए ग्रामीण अंचल प्रमुख हैं। मैदानी क्षेत्र और नहर की सुविधा होने से धान के अलावा अन्य फसल का रकबा तेजी से बढ़ रहा है।

निगम द्वारा आयोजित श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव मेला का हुआ भव्य शुभारंभ

श्रीरामचरित मानस व रामलीला जीवन की सम्पूर्ण पाठशाला : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रीरामचरित मानस एवं रामलीला जीवन की सम्पूर्ण पाठशाला हैं, भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित आदर्शों को आत्मसात कर जनकल्याण के मार्ग पर बढ़ना मनुष्य का परम धर्म है। रामलीला का मंचन केवल धर्म की शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि यह मनुष्य के सम्पूर्ण जीवन की पाठशाला है, जो हमें सही अर्थों में जीवन जीने की शिक्षा देती है ।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने घंटाघर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन थियेटर मैदान में श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव मेला के शुभारंभ अवसर पर कही। ओपन थियेटर मैदान में आज श्रीरामलीला व दशहरा उत्सव के भव्य आयोजन का शुभारंभ प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के द्वारा किया गया, मंत्री श्री देवांगन ने श्रीराम दरबार में दीप प्रज्वलन कर आयोजन का विधिवत शुभारंभ कराया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, विद्याभारती मध्यक्षेत्र उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, रणधीर शर्मा सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे। इस मौके पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जब-जब धरती पर अन्याय व अधर्म बढ़ता है, भगवान मानव रूप में अवतरित होकर अन्याय व अधर्म का सम्पूर्ण विनाश करते हैं। उन्होने कहा कि हमारी भावी पीढ़ी को हमारी धर्म व संस्कृति से भलीभांति परिचित होना चाहिए, उन्हें अपने सनातन धर्म का ज्ञान मिलना चाहिए, यह अत्यंत जरूरी है। मंत्री श्री देवांगन ने इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित निगम के जनप्रतिनिधियों, पार्षदों व निगम की सम्पूर्ण टीम एवं आयोजन में अपना सहयोग प्रदान करने वाले आयोजन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को इस भव्य आयोजन के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करने वाले विद्याभारती मध्यक्षेत्र उपाध्यक्ष श्री जुड़ावन सिंह ठाकुर ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि संस्कृति को चलायेमान रखने वाला थियेटर आज सूना होता जा रहा है, जिसे जीवंत रखना जरूरी है, हमारी सामाजिक, पारिवारिक व सांस्कृतिक चेतना को जगाए रखने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक है, निश्चित रूप से नगर निगम द्वारा यह भव्य आयोजन किया गया है, जिसके लिए मैं महापौर, आयुक्त सहित समस्त टीम को बधाई व साधुवाद देता हूँ। विद्या भारतीय मध्य क्षेत्र उपाध्यक्ष श्री जुड़ावन सिंह ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि प्रभु श्रीराम ने अपने जीवन चरित के माध्यम से समाज के सामने जो आदर्श स्थापित किये थे, उन्होने समाज को एक सूत्र में बांधे रखने का कार्य किया था, संबंधों की गरिमा के विराट दर्शन हमें प्रभु श्रीराम के जीवन चरित पर हर कदम में मिल जाते हैं, और इसीलिये प्रभु श्रीराम मर्यादा पुरूषोत्तम भी कहलायें है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित का एक अंश भी अगर हम आत्मसात कर लें, तो हमारा मानव जीवन सफल हो जायेगा।



रामलीला का शुभारंभ करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत व अन्य।

राम जन्म, शिव पार्वती संवाद सहित विविध प्रसंगों का हुआ मंचन

रामलीला व दशहरा उत्सव के शुभारंभ दिवस पर राम जन्म, शिव पार्वती संवाद, रावण तप, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार आदि प्रसंगों का मंचन किया गया। इसी प्रकार 16 अक्टूबर को पुष्प वाटिका, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद, राजतिलक, मंथरा कैकेयी संवाद, 17 अक्टूबर को राम वन गमन, केंवट प्रसंग, दशरथ देव लोक गमन, भरत मिलाप, 18 अक्टूबर को पंचवटी प्रसंग, सीता हरण, राम हनुमान मिलन, राम सुग्रीव मैत्री, बाली वध, लंका दहन, 19 अक्टूबर को सेतु बंध, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ रावण वध, राज्याभिषेक आदि के प्रसंग तथा 20 अक्टूबर को रावण दहन के साथ मधुर संगीत का आयोजन सम्पन्न होगा।

साइंस सेंटर का निर्माण कोरबा के इतिहास में एक नया वैज्ञानिक अध्याय : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

औद्योगिक नगरी के विकास में अब विज्ञान और आधुनिक तकनीक का एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। शहर के रिस्दी रोड पर 25 करोड़ रुपये की लागत से छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा साइंस सेंटर बनाया जाएगा। उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन ने पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर साइंस एवं कन्वेंशन सेंटर का विधि-विधान से भूमिपूजन किया। अडानी फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर मद के अंतर्गत बनने वाला यह केंद्र विद्यार्थियों को विज्ञान के सिद्धांतों, वैज्ञानिक प्रयोगों और अत्याधुनिक तकनीकों को करीब से समझने का अवसर प्रदान करेगा। यह परियोजना न केवल कोरबा, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान की दुनिया से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि साइंस सेंटर का निर्माण कोरबा के इतिहास में एक नया वैज्ञानिक अध्याय लिखेगा। इस केंद्र से जिले के बच्चों सहित पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में सीखने के नए अवसर मिलेंगे। विद्यार्थी यहां वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से नई-नई चीजों को समझ सकेंगे और चंद्रयान एवं मंगलयान जैसे अंतरिक्ष अभियानों में उपयोग होने वाली तकनीकों के बारे में जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह केंद्र बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत-2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और तकनीक सहित सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगति आवश्यक है। साइंस सेंटर जैसी परियोजनाएं बच्चों को ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाती हैं तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह केंद्र कोरबा को विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा।

खास बातें

- कोरबा में बनेगा छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा साइंस सेंटर, 25 करोड़ की लागत से होगा निर्माण
- उद्योग मंत्री ने किया पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर साइंस एवं कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन

भाजपा मंडल जवाली के विभिन्न गांवों में पहुंचे चराठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल जवाली के विभिन्न गांवों में आदिशक्ति, जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमा एवं घट स्थापना कर श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है।

इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सहसंयोजक एवं भाजपा मंडल जवाली के प्रभारी चुलेश्वर राठौर ने जवाली, रंजना, राल, आंछीदादर, डोंगरी, चकाबुड़ा, कसाईपाली एवं अरदा सहित विभिन्न गांवों के दुर्गा पंडालों में पहुंचकर वैदिक रीति-रिवाजों के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। विशेष रूप से डोंगरी पहाड़ पर विराजित मां दुर्गा के दरबार में उन्होंने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्रि शक्ति, साधना, श्रद्धा और संस्कारों का पावन पर्व है। मां दुर्गा की आराधना हमें धर्म, सदाचार और जनसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री महेंद्र यादव, मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष मोहर सिंह मरकाम महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती लीला राजवाड़े, युवा मोर्चा अध्यक्ष हरीश कश्यप, मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्विजेश मरकाम,महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती दिव्या चौहान, महिला मोर्चा मंत्री श्रीमती उर्मिला कश्यप सहित राजेश कंवर एवं पदुम सिंह कंवर चंद्रशेखर महंत उपस्थित रहे।

अग्रसेन जयंती समारोह में मुख्य अतिथि बने मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भगवान श्री महाराजा अग्रसेन की जयंती के पावन अवसर पर 11 अक्टूबर को श्री अग्रवाल सभा, राजनांदगांव द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उद्योगपति एवं समाजसेवी, कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन तथा छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय चेयरमैन अशोक कुमार मोदी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए। समारोह की अध्यक्षता गौरीशंकर अग्रवाल ने की। भिलाई से सुधीर बंसल एवं श्रीमती आशा बंसल तथा रायपुर से अनिल अग्रवाल एवं श्रीमती मंजू अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता, सेवा भावना और अग्रवाल समाज की गौरवशाली परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिला। मुख्य अतिथि अशोक मोदी ने अपने उद्बोधन में समाज की उपलब्धियों के साथ-साथ वर्तमान सामाजिक चुनौतियों, परिवारों की मजबूती, युवाओं के भविष्य, शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं प्रदेशव्यापी सेवा कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। समारोह के अंतर्गत मुख्य अतिथि अशोक मोदी के कर-कमलों से गंगा आरती, माता दुर्गा एवं भगवान हनुमान की आरती संपन्न हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को मंचस्थ कराया गया, जहां श्री अग्रवाल सभा, राजनांदगांव के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात भगवान श्री महाराजा अग्रसेन जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। पूरा वातावरण धार्मिक श्रद्धा, सामाजिक उत्साह एवं भगवान अग्रसेन जी के जयघोष से गुंजायमान रहा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अशोक मोदी ने श्री अग्रवाल सभा, राजनांदगांव के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाजबंधुओं द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।



समारोह में शामिल समाज के लोगों के साथ मुख्य अतिथि मोदी।

खास बात

- विवाह, पारिवारिक विवादों के सौहार्द्रपूर्ण समाधान एवं प्रदेशव्यापी समाज सेवा पर दिया जोर

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने जैलगांव चौक में किया विरोध प्रदर्शन



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दर्री-जमनीपाली के तत्वाधान में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत जैलगांव चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने भारतीय निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध निर्वाचन प्रक्रिया में कथित अनियमिताओं को लेकर सवाल उठाये तथा उनके इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने निर्वाचन प्रणाली की निष्पक्षता, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की मांग करते हुए इस अभियान को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जैलगांव चौक पर एकत्रित हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन व्यवस्था पर निर्भर करती है। प्रत्येक नागरिक का मत लोकतंत्र की महत्वपूर्ण ताकत है और मताधिकार की विश्वसनीयता बनाए रखना लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी होती है। पूर्व जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और जनता के मन में किसी प्रकार का संदेह ना रहे, इसके लिए पारदर्शी कार्यवाही आवश्यक है। उन्होंने मताधिकार की रक्षा और लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनविश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का मत सर्वोपरि होता है। जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त के काम-काज पर सवाल उठ रहे हैं तो उन्हें स्वयं से त्यागपत्र दे देना चाहिए, वरना सरकार को उन्हें पद से हटा देना चाहिए। इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बालको ए.डी. जोशी, महामंत्री रवि सिंह चंदेल, गिरधारी बरेठ, पार्षद अयोध्या मस्तुल सिंह कंवर, सुभद्रा सिंह, हिमांशु सिंह, मोहम्मद यासीन आदि उपस्थित थे।

रेड रिबन क्लब ने हरदीबाजार में आयोजित किया एचआईवी जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 13 अक्टूबर को ग्राम हरदीबाजार में एचआईवी /एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय एवं युवाओं को एचआईवी /एड्स के प्रति जागरूक करना, संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी देना तथा एचआईवी से जुड़े सामाजिक भेदभाव एवं भ्रांतियों को दूर करना था। शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनिल पांडे ने कहा कि हम सभी को एचआईवी/एड्स से होने वाले बीमारियों को जानकर सावधानी बरतनी चाहिए और लोगो के बीच जागरूकता फैलना चाहिए। डॉ एस के मुर्ति नोडल अधिकारी ने सभी को एचआईवी/एड्स होने पर डरे का नहीं बल्कि डॉक्टर से नियमित जांच तथा सुरक्षा बरतने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता नुक्कड़ नाटक एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी पोस्टर एवं स्लोगन लेकर ग्राम के लोगो को नुक्कड नाटक के माध्यम से एचआईवी से बचाव ही सुरक्षा है जागरूक बनें, सुरक्षित रहें जैसे संदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया। इसके पश्चात ग्रामवासियों के समक्ष नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

शपथ पत्र

मैं शैलेन्द्र सिंह कंवर (SHAILENDRA SINGH KANWAR) (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) पिता तुल सिंह कंवर (TUL SINGH KANWAR) निवासी रीवापार पोस्ट सोहागपुर तहसील बरपाली थाना उरगा जिला कोरबा (छ0ग0) 495671

एतद द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ -

1. मैं ग्राम रीवापार पोस्ट सोहागपुर तहसील बरपाली थाना उरगा जिला कोरबा (छ0ग0) का स्थायी निवासी हूँ।

2. मेरा पुराना नाम **शैलेन्द्र सिंह कँवर** (SHAILNEDRA SINGH KANWAR) है और मैं अपना नाम बदलकर **शैलेन्द्र कुमार** (SHAILENDRA KUMAR) (नया नाम) पिता तुल सिंह कँवर (TUL SINGH KANWAR) करवाना चाहता हूँ।

3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/करती हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं। रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं/रही हूं।

शपथकर्ता
शैलेन्द्र कुमार

बिजनेस प्लस

बीकानेरी जड़ाऊ और फैंसी आभूषणों की प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ



कोरबा। राजस्थान के प्रसिद्ध शहर बीकानेर की पारंपरिक कला और आधुनिक फैशन का अनोखा संगम लेकर आई बीकानेरी इमिटेशन जड़ाऊ एवं फैंसी आभूषणों की विशेष प्रदर्शनी का 15 अक्टूबर को होटल गणेश इन ट्रांसपोर्ट नगर सूट रूम कोरबा में शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी शुरु होते ही ग्राहकों का उत्साह देखने लायक रहा और पहले ही दिन बड़ी संख्या में महिला ग्राहकों ने पहुंचकर आकर्षक आभूषणों की खरीददारी की। बीकानेर से नीलम अशोक डागा द्वारा आयोजित इस विशेष प्रदर्शनी में बीकानेरी इमिटेशन जड़ाऊ के साथ-साथ विभिन्न डिजाइनों के फैंसी आभूषणों का शानदार कलेक्शन उपलब्ध कराया गया है. पारंपरिक राजस्थानी डिजाइन से लेकर वर्तमान फैशन ट्रेंड के अनुरूप तैयार किए गए आकर्षक नेकलेस, सेट, झुमके, कंगन, चूड़ियां तथा अन्य आभूषण ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। प्रदर्शनी के आयोजकों के अनुसार, अमरावती की महिलाओं को बीकानेर के प्रसिद्ध आभूषण डिजाइनों की विविधता एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। खास बात यह है कि अलग-अलग अवसरों और पारिवारिक समारोहों के लिए उपयुक्त डिजाइन यहां उपलब्ध हैं। किफायती कीमतों में आकर्षक और नए डिजाइनों का कलेक्शन मिलने से ग्राहकों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। आयोजकों ने बताया कि प्रदर्शनी में सीमित अवधि के लिए विशेष कलेक्शन उपलब्ध कराया गया है, इसलिए ग्राहकों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का लाभ लेने की अपील की गई है। यह विशेष प्रदर्शनी 15 से 16 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी का समय दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा। प्रदर्शनी के लिए नीलम डागा 9928473397 तथा अशोक डागा से 8239427988 पर संपर्क किया जा सकता है।

करंट की चपेट में आने से मजदूर की गई जान

अम्बिकापुर। घर के आंगन में फर्स ढलाई करने के दौरान मिक्सर मशीन में करंट फैल जाने तथा मजदूर के संपर्क में आने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लोसगा निवासी विमल बड़ा आ. बाबूलाल (30 वर्ष) बुधवार को शहर के गोधनपुर में मजदूरी करने गया था। मोहल्ले के दीपक सिंह के यहां घर के आंगन फर्श ढलाई करने के दौरान जैसे ही मजदूर मिक्सर मशीन को पकड़ा तभी मिक्सर मशीन में करंट प्रवाहित होने के कारण गिर गया। करंट लगने के बाद मजदूर उठा और शोर मचा कर मशीन में करंट फैलने की बात कही और दोबार आंगन में ही गिर गया।



खबर संक्षेप



देवी पंडालों में जाकर विधायक ने लिया आशीर्वाद, मांगी क्षेत्र की खुशहाली

हरदीबाजार। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर जहा गांव-गांव में समितियों द्वारा संस्कृति मंच या पंडाल बनाकर मां आदिशक्ति की प्रतिमा स्थापित कर सुबह-शाम सेवा भाव से पूजा-अर्चना, आराधना की जा रही है। इस कड़ी में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने विकासखंड कटघोरा के ग्राम बिरदा, सराई सिंगार, भाठिकुड़ा एवं भिलाई बाजार जाकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया और गांव व क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सभी पर मां जगदम्बा की कृपा बनी रहे इसी आशा विश्वास के साथ प्रार्थना की। इस दौरान जिप सदस्य विनोद यादव,हेमंत तिवारी, छोटेलाल पटेल,अशोक राजवाड़े, कृष्णानंद राठौर, मन्नु राठौर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु चतुर्थ ओपन काउंसलिंग आज

कोरबा। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ ओपन काउंसलिंग का आयोजन 16 अक्टूबर को किया जाएगा। यह काउंसलिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर 228 रिक्त सीटों के लिए आयोजित होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काउंसलिंग सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के ब्लॉक-5, तृतीय तल स्थित हॉल नंबर-4 में होगी। काउंसलिंग की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

सखी वन स्टॉप सेंटर कटघोरा में सेवाप्रदाता के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा। सखी वन स्टॉप सेंटर कटघोरा में दैनिक कार्यों के संचालन के लिए सुरक्षा गार्ड/नाइट गार्ड के एक पद (अनारक्षित) पर भर्ती हेतु पात्र महिला आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र महिला आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, कोरबा को भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

फसल कटाई प्रयोग सीसीई एग्री ऐप से करना अनिवार्य

कोरबा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026-27 में अधिसूचित फसलों के फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) शत-प्रतिशत सीसीई एग्री मोबाइल ऐप के माध्यम से किए जाएंगे। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी तहसीलदारों एवं विकासखंड स्तरीय पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्षों तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों एवं समिति के सचिवों को प्रयोग निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है। भारत सरकार के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2025 से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आयोजित फसल कटाई प्रयोगों में सीसीई एग्री मोबाइल ऐप का उपयोग अनिवार्य किया गया है। ऐप के वर्तमान संस्करण में पिछले संस्करण की तुलना में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन्हीं बदलावों और ऐप के उपयोग के संबंध में कृषि, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विकासखंड तथा तहसील स्तर के मास्टर ट्रेनरों और प्राथमिक उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया है। उपयोगकर्ताओं को 2 सितंबर 2026 को सैद्धांतिक प्रशिक्षण तथा कोरबा के ई.वी.पी.जी. महाविद्यालय खेल मैदान में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद 7 सितंबर को प्रत्येक विकासखंड एवं तहसील के मास्टर ट्रेनरों और प्राथमिक उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया।

कोरबा-कुसमुंडा फोरलेन पर जल्द बिखरेगी दुधिया रोशनी, स्ट्रीट लाइट की टेस्टिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कोरबा-कुसमुंडा फोरलेन मार्ग पर सफर करने वाले राहगीरों के लिए राहत भरी खबर है। सर्वमंगला चौक से इमलीछापर तक सड़क के मध्य डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। कई स्थानों पर लाइटों की टेस्टिंग भी शुरू कर दी गई है। सर्वमंगला चौक से बरमपुर तक विद्युत कनेक्शन चालू होने के बाद मार्ग दूधिया रोशनी से जगमगा उठा है। शेष हिस्सों में भी अगले एक-दो दिनों के भीतर स्ट्रीट लाइट शुरू होने की संभावना है।

इस महत्वपूर्ण सड़क पर स्ट्रीट लाइट शुरू होने से रात के समय आवागमन करने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। अंधेरे के कारण होने वाली परेशानी कम होगी और सड़क पर दृश्यता बेहतर होने से यातायात भी सुगम हो सकेगा। कोरबा-कुसमुंडा फोरलेन का निर्माण पिछले लगभग दो वर्षों से ठेकेदार द्वारा काम बीच में छोड़ दिए जाने के कारण प्रभावित था। इसके चलते सड़क निर्माण अधूरा पड़ा रहा और लोगों को आवागमन के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद परियोजना के अधूरे कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जगी है। स्ट्रीट लाइट का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है। वहीं, बंद पड़े सड़क निर्माण को भी इसी माह दोबारा शुरू किए जाने की संभावना जताई जा रही है। यदि निर्माण कार्य निर्धारित समय पर शुरू होता है, तो लंबे समय से अधूरे पड़े फोरलेन को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो सकती है। लोगों को उम्मीद है कि सड़क निर्माण दोबारा शुरू होने के साथ इस अधूरे हिस्से का काम भी जल्द पूरा होगा। इससे कोरबा-कुसमुंडा के बीच आवागमन अधिक सुगम होने के साथ रात में सफर करने वालों को भी राहत मिल सकेगी।

सर्वमंगला चौक से बरमपुर तक जगमगाया मार्ग

खास बातें

- दो साल से अधर में लटके निर्माण को भी इसी माह गति मिलने की उम्मीद



इमलीछापर चौक से कुचेना मोड़ तक अभी अंधेरा

फोरलेन के पूरे हिस्से में रोशनी की व्यवस्था फिलहाल संभव नहीं हो सकी है। इमलीछापर चौक से कुचेना मोड़ तक ओवरब्रिज और फोरलेन का निर्माण कार्य रुका होने के कारण इस हिस्से में अभी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई जा सकी है। ऐसे में इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को फिलहाल सावधानी बरतने की जरूरत है।

चार घंटे चली त्रिपक्षीय वार्ता, छह मांगों पर प्रबंधन ने मांगा समय

हरदीबाजार भूविस्थापितों की मांगों पर फिर नहीं बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका परियोजना से प्रभावित हरदीबाजार के भूविस्थापितों की मांगों को लेकर दीपका सभागार में एसईसीएल प्रबंधन, प्रशासन और ग्रामीणों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई। दोपहर करीब 3 बजे शुरू हुई बैठक शाम 7 बजे तक चली, लेकिन 6 प्रमुख मांगों पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। प्रबंधन ने कई मामलों में बोर्ड स्तर पर चर्चा के बाद निर्णय देने की बात कही। इससे भूविस्थापितों की समस्या फिलहाल जस की तस बनी हुई है।

बताया गया कि 21 सितंबर को सीएमडी मुख्यालय में हुई बैठक के बाद भी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं हो पाया। इसके बाद प्रबंधन ने दो बार अतिरिक्त समय मांगा था। अब तीसरी बैठक में भी कई मुद्दों पर निर्णय के लिए समय मांगा गया है। इससे भूविस्थापितों में नाराजगी देखी गई। हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बैठक में छह प्रमुख मांगें रखीं। मकानों के मुआवजे में की जा रही 60 प्रतिशत कटौती को समाप्त कर 100 प्रतिशत मुआवजा देने की मांग पर प्रबंधन ने बोर्ड में चर्चा के बाद निर्णय से अवगत कराने की बात कही। वर्ष 2004 से 2010 के बीच अधिग्रहण के बाद हुई करीब 500 रजिस्ट्रियों के मकान मालिकों को सोलसियम और बसाहट का लाभ देने के मामले में भी प्रबंधन ने बोर्ड स्तर पर चर्चा का आश्वासन दिया। वहीं उपसरपंच रेखा जायसवाल ने बहू के नाम पर हुई मकानों की नापी पर सोलसियम देने की मांग रखी, जिस पर सकारात्मक निर्णय लेने की बात कही गई। वर्ष 2004 के अधिग्रहण के समय मध्यप्रदेश पुनर्वास नीति 1991 लागू होने का हवाला देते हुए प्रत्येक खाते पर नौकरी देने की मांग भी उठी। इस पर प्रबंधन ने बताया कि मामला हाईकोर्ट में लंबित है और न्यायालय का जो भी फैसला आएगा, उसे मान्य किया जाएगा। जयंती नगर बसाहट स्थल को ही सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त बसाहट बनाने की मांग भी रखी गई। वहीं शुपेतपारा बाईपास बसाहट को बड़े झाड़ के जंगल के कारण संभव नहीं बताया गया। बैठक के दौरान कुछ मुद्दों पर ग्रामीणों के बीच नोकझोंक की स्थिति भी बनी, जिसे अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर शांत कराया। ग्रामीणों ने एसडीएम और एसईसीएल जीएम के समक्ष स्पष्ट मांग रखी कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित सहमति नहीं बन जाती, तब तक किसी भी मकान मालिक को मकान तोड़ने के लिए बाध्य नहीं किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से पुनर्वास और रोजगार से जुड़े मामले लंबित हैं, ऐसे में पहले सभी विवादों का समाधान किया जाना जरूरी है। बैठक में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल की अध्यक्षता में एसडीएम पाली रोहित सिंह, एसईसीएल दीपका जीएम शरद तिवारी, गेवरा जीएम अशोक कुमार, सीएमडी मुख्यालय के एलएंडआर अधिकारी, सरपंच लोकेश्वर कंवर, उपसरपंच रेखा जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और बड़ी संख्या में भूविस्थापित मौजूद रहे।

खास बात

- लिखित सहमति तक मकान नहीं चोड़ने की ग्रामीणों ने रखी मांग

212 एकड़ जमीन के अधिग्रहण पर भी असहमति

हरदीबाजार की शेष 212 एकड़ जमीन का भी अधिग्रहण करने की मांग पर एसईसीएल प्रबंधन ने कहा कि उक्त जमीन के नीचे कोयला नहीं है और इसका अधिग्रहण भारत सरकार के अधीन है, इसलिए इसे अधिग्रहित करना संभव नहीं है। बसाहट नहीं लेने वाले प्रभावितों को 15 लाख रुपये देने के प्रावधान पर प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि नापी किए गए करीब 1800 मकानों के पूरी तरह जमींदोज होने के छह माह के भीतर राशि दिए जाने की बात कही गई। वहीं बसाहट लेने के इच्छुक लोगों की सूची तैयार करने के लिए पंचायत को कहा गया है। भूविस्थापितों ने मकानों के लिए अंतिम ड्रोन सर्वे को कटऑफ मानने की मांग भी रखी।

नौकरी से लेकर राजस्व मामलों तक समस्याएं बरकरार

भूविस्थापितों के अनुसार अधिग्रहण के 16 से 22 वर्ष बीत जाने के बाद भी कई प्रभावित परिवारों को नौकरी नहीं मिली है। इसके अलावा वंश वृक्ष, फौती और नामांतरण जैसे राजस्व संबंधी मामले भी बड़ी समस्या बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन प्रक्रियाओं की जटिलता गरीब और कम पढ़े-लिखे परिवारों के लिए बड़ी परेशानी का कारण है।

आमगांव में मिट्टी खुदाई से बढ़ी चिंता

ग्रामीणों ने आमगांव क्षेत्र में चल रहे काम को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि अस्पताल सहित करीब 8 से 10 भवनों को जमींदोज किए जाने के बाद पिछले चार-पांच दिनों से आमगांव की खाली जमीन पर मिट्टी की खुदाई चल रही है। यह क्षेत्र वर्ष 2025 के अधिग्रहण क्षेत्र के बिल्कुल नजदीक है, जहां अभी डीआरआरसी की प्रक्रिया भी नहीं हुई है। घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में आगे चलकर धूल, ब्लास्टिंग और पानी की समस्या बढ़ने की आशंका ग्रामीणों ने जताई है।

ग्रामसभा में बनेगा प्रस्ताव

एसईसीएल प्रबंधन ने सरपंच से ग्रामसभा आयोजित कर सभी मांगों पर ग्रामीणों की सहमति से विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर देने को कहा है। सरपंच लोकेश्वर कंवर ने दशहरा उत्सव के बाद ग्रामीणों से चर्चा कर ग्रामसभा आयोजित करने की बात कही।

निगम की कार्यपालन अभियंता ने आरोपों को बताया निराधार, विशाखा समिति में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम की कार्यपालन अभियंता रुचि साहू ने भुगतान की फाइल रोकने और रुपये मांगने के आरोपों को निराधार बताते हुए निगम की आंतरिक शिकायत समिति (विशाखा समिति) में शिकायत की है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और संबंधित साक्ष्यों की पड़ताल की मांग की है। वहीं, निगम के जनसंपर्क अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि निगम के कार्यों को लेकर एक न्यूज पोर्टल पर खबरें प्रसारित किए जाने के मामले में शिकायत की गई है। इसके बाद संबंधित पोर्टल के पंजीयन की जांच कराई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि कार्यपालन अभियंता की शिकायत के अनुसार, सात अक्टूबर को शाम साढ़े छह से साढ़े सात बजे के बीच कार्यालयीन समय समाप्त होने के बाद एक ठेकेदार उनके कक्ष में आया था। उन्होंने उसे उचित समय पर आने के लिए कहा, लेकिन आरोप है कि वह कक्ष से नहीं गया और उन्हें घूरता रहा। शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित व्यक्ति पहले भी कई बार बिना अनुमति उनके कक्ष में आ चुका है। रुचि साहू ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों से संबंधित खबर जैसी सामग्री और मीम्स उनकी तस्वीर के साथ वाट्सएप पर प्रसारित किए गए। इस मामले में ठेकेदार के अलावा दो अन्य व्यक्तियों का भी उल्लेख किया गया है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच, साक्ष्यों की पड़ताल और आवश्यक संरक्षण की मांग की है।

खास बात

- एक न्यूज पोर्टल पर निगम के कार्यों को लेकर खबरें प्रसारित करने का मामला पंजीयन की जांच

फाइल की प्रक्रिया का दिया हवाला

भुगतान की फाइल रोकने और रुपये मांगने के आरोपों के संबंध में रुचि साहू ने बताया कि मेसर्स केपी शर्मा की 34 हजार,176 रुपये की पीजी राशि से संबंधित फाइल 28 सितंबर को प्रस्तुत हुई थी। उसी दिन इसे प्रतिवेदन के लिए सहायक अभियंता और उप अभियंता के पास भेजा गया था। उप अभियंता ने 30 सितंबर को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उनके अनुसार, फाइल निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाई गई थी। इसी आधार पर उन्होंने फाइल रोकने और रिश्वत मांगने के आरोपों को निराधार बताया है। निगम के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि एक न्यूज पोर्टल पर निगम के वित्तीय लेनदेन, फाइलों के निराकरण, जनशिकायतों, पौधों की खरीदी और एचआइजी-30 भवन निर्माण को लेकर खबरें प्रसारित की गई हैं। निगम का कहना है कि इन कार्यों में निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार, निगम की शिकायत के बाद संबंधित न्यूज पोर्टल के पंजीयन की जांच कराई जा रही है। फिलहाल, कार्यपालन अभियंता की शिकायत और न्यूज पोर्टल से संबंधित मामला अलग-अलग पहलुओं से जुड़ा है। दोनों मामलों में संबंधित पक्षों के आरोपों और दावों की पुष्टि जांच तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही हो सकेगी।

चोरी के अलग-अलग मामलों में 5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चोरी के अलग-अलग मामलों में कुसमुंडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने कम्प्यूटर सहित अन्य सामान व सामुदायिक भवन से चोरी की गई लोहे की ग्रिल जब्त की गई है। कुसमुंथाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की दो घटनाएं सामने आई थी। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुटी हुई थी। इस बीच मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने चोरी के दोनों मामलों को सुलझाते हुए कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में बिरदा निवासी शिवम दास महंत (23 वर्ष), बरभाठा सरईसिंगार निवासी सुनील यादव (26 वर्ष), प्रदीप कुमार कंदर (26 वर्ष), बिरदा निवासी अनिल कुमार ओगरे (27 वर्ष) एवं आशीष सोनी (33 वर्ष) शामिल हैं।

आधुनिक डिजिटल एजुकेशन स्टूडियो से सीधे पढ़ेंगे सुदूर वनवासी क्षेत्र के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम की जानकारी देते अतिथि।

छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सरस्वती शिक्षण संस्थान द्वारा प्रदेश के पहले अत्याधुनिक डिजिटल एजुकेशन स्टूडियो का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय सवयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना ने रायपुर के रोहिणीपुरम् स्थित संस्थान मुख्यालय में किया। इस डिजिटल क्रांति का सबसे बड़ा लाभ संभाग के कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले को मिलने जा रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना ने अपने संबोधन में इसे छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा क्षेत्र में एक अभिनव पहल बताते हुए इस डिजिटल टेक्नोलॉजी को विद्यार्थियों के लिए वरदान बताया। सरस्वती शिक्षण संस्थान ने प्रथम चरण में प्रदेश के 150 सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों को इस कंट्रोल रूम से जोड़ा है, जिसमें कोरबा जिले के 14 विद्यालयों में से प्रगतिनगर, एनटीपीसी, कटघोरा, पाली, छुरी, रजगामार गेवरा स्थित 6 सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों को इसमें शामिल किया गया है। इसी तरह जांजगीर चांपा जिले के 12 विद्यालयों में से 8 सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय जिसमें चांपा, नैला, अकलतरा शिवरीनारायण, खरौद, केरा, बिर्रा, बलौदा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय एवं सक्ती जिले के चंद्रपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का चयन किया गया है। इन सभी विद्यालयों में अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास का निर्माण किया गया हे, जिसमें रायपुर से प्रसिद्ध विषय विशेषज्ञों के द्वारा छात्रों को लाइव पढ़ाई कराई जाएगी।

इमलीडुग्गू एवं राताखार क्षेत्र में मारपीट व उत्पात मचाने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। कोतवाली पुलिस द्वारा इमलीडुग्गू एवं राताखार क्षेत्र में मारपीट करने एवं उत्पात मचाने वाले 4 आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में राताखार मानस चौक निवासी विकास निर्मलकर 25 वर्ष, राजा उर्फ खेसखास वर्मा पिता संतोष वर्मा, उम्र 23 वर्ष, कृष्ण चंद्र पिता रूपलाल चंद्र, उम्र 22 वर्ष, एवं प्रकाश साहू पिता बंशी साहू, उम्र 20 वर्ष शामिल हैं। पुलिस ने चारो आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश की है।



सुखरीखुर्द में दो हितग्राहियों के आवासों पर फर्जी जियो टैगिंग कर पूरी राशि जारी करने का आरोप

करतला में पीएम आवास का जियो टैग खेल, एक ही पंचायत में दो और मामलों से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में करतला विकासखंड से कथित फर्जी जियो टैगिंग और भुगतान का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। अब ग्राम पंचायत सुखरीखुर्द से दो और मामले सामने आए हैं, जिनमें आरोप है कि अधूरे मकानों को सरकारी रिकॉर्ड में पूर्ण दर्शाकर किसी अन्य आवास की तस्वीरें जियो टैग की गईं और पूरी राशि का भुगतान कर दिया गया। लगातार सामने आ रहे मामलों ने योजना की पारदर्शिता, निगरानी व्यवस्था और जनपद स्तर के निरीक्षण पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार हितग्राही दिलहरण पिता धीरजा के नाम सत्र 2024-25 में स्वीकृत आवास के लिए 3 जून 2025 को पहली किश्त 40 हजार रुपये, 23 जून 2026 को दूसरी किश्त 55 हजार रुपये तथा 18 अगस्त 2026 को तीसरी किश्त 25 हजार रुपये जारी की गई। सरकारी पोर्टल में 1 जुलाई 2026 को आवास पूर्ण दर्शाया गया है, जबकि आरोप है कि मौके पर निर्माण अभी भी अधूरा है और जियो टैग किसी दूसरे हितग्राही के



फाइल फोटो

मकान का किया गया। इसी पंचायत में हितग्राही मयाराम पिता रामलाल पटेल के मामले में भी इसी तरह के आरोप लगे हैं। रिकॉर्ड के अनुसार 1 दिसंबर 2025 को पहली किश्त 40 हजार रुपये, 31 मार्च 2026 को दूसरी किश्त 55 हजार रुपये तथा 23 जून 2026 को तीसरी किश्त 25 हजार रुपये जारी की गई। सरकारी अभिलेखों में 7 मई 2026 को आवास पूर्ण दर्ज है, जबकि आरोप है कि वास्तविक निर्माण अधूरा है और किसी अन्य मकान की तस्वीरें जियो टैग कर भुगतान कराया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आवास मित्र, पंचायत सचिव तथा जनपद स्तर पर निगरानी से जुड़े अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी जियो टैगिंग कर भुगतान कराया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि पूरे विकासखंड में निष्पक्ष और तकनीकी जांच कराई जाए तो ऐसे कई और मामले सामने आ सकते हैं।

